p>

Title: Need to develop N.H. 104 between Sitamarhi and Sursand in Bihar as per laid down norms-laid

श्री सुनील कुमार पिंटू (सीतामढ़ी): राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-104 में सीतामढ़ी से सुरसंड की ओर जाने वाली सड़क का उन्नयन निर्धारित मानदंडों के अनुकूल नहीं हो पाया है जिससे आए दिन वहाँ सड़क दुर्घटना व यातायात की समस्या बनी रहती है, जबकि एक बड़ी आबादी से गुजरने वाली यह सड़क नेपाल से सटे बिहार के उन सीमावर्ती इलाकों को भी जोड़ती है जो शिक्षा, व्यापार, पर्यटन व सामरिक दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण है ।

अतः इस सड़क मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्धारित मानदंडों के अनुकूल तत्काल विकसित किए जाने की आवश्यकता है ।